
हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 22 जुलाई 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर ]

04 सीएमओ हाटपीपल्या, करनावद और सतवास की...



07 डॉ. तेजस्व प्रकरण में कायस्थ समाज ने डीएम...



## खबर संक्षेप में

### फाफरिया जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**नलखेड़ा।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल द्वारा नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी ज्ञानचंद फाफरिया को संगठन का आगर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री फाफरिया की नियुक्ति पर इष्टमित्रों द्वारा उन्हें बधाई दी गई है।



### माता के दर्शन करने आया व्यक्ति मृत अवस्था में मिला

**नलखेड़ा।** नगर में मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी के उस पार गांव गुदरावन शमशान घाट के पास एक अज्ञात डेथ बाडी पड़ी होने की सूचना पर नलखेड़ा पुलिस द्वारा मौके पर जाकर मृतक के फोटो आदि लेकर सोशल मीडिया पर जारी किए गए। वहीं मृतक के पास से मिले मोबाइल व अन्य सामान से उसकी पहचान हुई है। नलखेड़ा थाना प्रभारी नागेश यादव ने बताया कि 21 जुलाई को माता मंदिर के पीछे स्टॉप डेम, गुदरावन शमशान घाट के पास एक अज्ञात डेथ बोडी की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस द्वारा संबंधी मृतक के फोटो सोशल मीडिया पर जारी किए गए वहीं उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से मिले मोबाइल व अन्य सामान से उसकी पहचान गोविंद पिता पूरा जाती मेहतर उम्र 45 से 50 वर्ष के लगभग निवासी आगर मालवा के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिवार जनों द्वारा बताया गया कि मृतक गोविंद 20 जुलाई को मां बगलामुखी के दर्शन करने के लिए नलखेड़ा आया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### हज-2027 के आवेदन की अंतिम तिथि 24 जुलाई तक बढ़ी

**मंदसौर ।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2027 (1448 हिजरी) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि चार दिन बढ़ाकर अब 24 जुलाई 2026, रात्रि 11:59 बजे तक कर दी है। अध्यक्ष जिला हज कमेटी मंदसौर शाहिद निजामी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय अधिक से अधिक इच्छुक हज यात्रियों को आवेदन का अवसर देने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने स्पष्ट किया है कि 24 जुलाई के बाद आवेदन की समय-सीमा किसी भी परिस्थिति में नहीं बढ़ाई जाएगी। इसलिए जिन लोगों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना ऑनलाइन आवेदन पूरा कर लें। शाहिद निजामी ने बताया कि 30 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे हज-2027 के लिए डिजिटल कुर्रा (रैंडम चयन) आयोजित किया जाएगा।

## जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण लोग हो रहे हैं परेशान

# पुल की ऊंचाई अधिक होने से सड़क पर ढाई से तीन फीट हो रहा जल भराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नलखेड़ा-कानड़ मार्ग पर ग्राम लसुलड़िया गोपाल के समीप स्थित बाणगंगा नदी पर बनी पुलिया की ऊंचाई अधिक होने से वर्षा के दौरान समुचित जल निकासी नहीं होने से सड़क पर ढाई से तीन फीट पानी भरा रहता है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। प्रशासन को तत्काल इस ओर ध्यान देकर वर्षा जल की समुचित निकासी के प्रबंध किए जाना चाहिए। नलखेड़ा-कानड़ मार्ग पर ग्राम लसुलड़यिा गोपाल के समीप स्थित बाणगंगा नदी पर सड़क निर्माण के साथ पुलिया का निर्माण हुआ था। सड़क एवं पुलिया निर्माण के दौरान तकनीकी खराबी के चलते पुलिया की ऊंचाई सड़क से काफी ऊंची हो गई है। जिसके कारण वर्षा के दौरान थोड़ी सी वर्षा में ही पुलिया के बाद सड़क पर जल भराव हो रहा है। यहाँ वर्षा जल की समुचित निकासी नही होने के चलते लगभग ढाई से तीन फीट पानी भर जाता है।





उक्त मार्ग इंदौर, देवास, शाजापुर को माँ बगलामुखी मंदिर से जोड़ने का सबसे कम दूरी का मार्ग है जिसके चलते इस मार्ग पर भारी आवागमन रहता है। इसके साथ ही आसपास के ग्रामों से स्कूल आने जाने वाले विद्यार्थियों के स्कूल वाहन एवं कई पालक स्वयं अपने निजी दोपहिया वाहनों से विद्यार्थियों को इसी मार्ग से लाते-ले-जाते है, ऐसे में किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि इस मार्ग से प्रतिदिन अधिकांश दर्शनार्थी निकलते है जिनके वाहन चालकों को यह अंदाज नही रहता है कि यहाँ कितना पानी भरा हुआ है, ऐसे में तेज गति से निकलने के दौरान भी किसी प्रकार की दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त पुलिया के दोनों ओर जहाँ सड़क मिलती है लगातार जल भराव के कारण बड़े-बड़े गड्डे हो गए है। ये गड्डे वर्षाकाल के साथ साथ अन्य दिनों में भी खतरा बने हुवे है, जहाँ कई दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है। प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देकर सड़क व पुलिया निर्माण के दौरान रही तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने एवं वर्षा जल की समुचित निकासी के इंतजाम किए जाना चाहिए एवं पुलिया के दोनों किनारों के गड्ढो को भरा जाना चाहिए जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को समाप्त किया जा सके।

## चार धाम मंदिर में होगा आयोजन

# जायसवाल की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम 23 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष देवीलाल जायसवाल की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम 23 को आयोजित किया गया है। नगर के प्रतिष्ठित जायसवाल परिवार के स्वर्गीय देवीलाल जायसवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष में 23 जुलाई को प्रातः 9 से 10 तक चार धाम मंदिर जायसवाल कॉलोनी नलखेड़ा पर पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति को संवारने के लिए वृहद पौधारोपण कार्यक्रम जायसवाल परिवार की ओर से आयोजित किया जा रहा है। जायसवाल परिवार के गोवर्धन जायसवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा, एक संकल्प, एक बेहतर कल के साथ जीवन को हरा भरा बनाएं के अंतर्गत यहां पौधारोपण कार्यक्रम परिवार के स्तंभ देवीलालजी जायसवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष में 23 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ पर्यावरण प्रेमियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई, 55 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नलखेड़ा।** जिले के सभी राजस्व अधिकारी को राजस्व न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का त्वरित अमल एवं अनुपालन सुनिश्चित करवाएं। जनसुनवाई में रास्ता विवादों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का मौके पर टीम भेजकर तत्काल निराकरण करवाएं और दोनो पक्षो को समझाइश देकर मौके पर ही रास्ता खुलवाएं, यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट आगर में आयोजित जनसुनवाई में आवेदनों का निराकरण करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम गोठड़ा के मोहनलाल राजपूत ने अपने खेत पर आने-जाने वाले परंपरागत रास्ते को तहसीलदार के आदेश के बावजूद नहीं खोलने संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर, रास्ता दिलवाने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर श्रीमती यादव ने डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को निर्देशित किया कि वे मोहनलाल के रास्ता विवाद संबंधी प्रकरण में मौके पर टीम भेजकर रास्ता खुलवाने की कार्यवाही करें। ग्राम लसुल्ड़िया केलवा के दिलीप सिंह ने अपने स्वामित्व के वर्षों पुराने रास्ते को कांटे डालकर बंद करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर रास्ता दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार नलखेड़ा को मौके पर राजस्व टीम भेजकर रास्ता विवाद का निराकरण करवाने और रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आगर के वार्ड क्रमांक 23, पालरोड क्षेत्र के निवासियों ने विवेकानंद नगर में लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण कंपनी को परीक्षण करवाकर लो-वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान करवाने के निर्देश दिए।

## मंडल के सदस्यों के निर्वाचन के लिए आज होगा मतदान

**मंदसौर ।** उप आयुक्त सहकारिता परमानंद गडरिया द्वारा बताया गया कि म.प्र.राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के आदेश के पालन में म.प्र. विद्युत मंडल कर्मचारी परस्पर सहकारी साख समिति मर्यादित मंदसौर के संचालक मंडल के 11 सदस्यों का निर्वाचन मतदान के द्वारा 22 जुलाई 2026 को किया जावेगा। मतदान का स्थान अमर शांति वाटिका लालघाटी रोड संजीत नाका मंदसौर रहेगा। जहां प्रातः 10:00 बजे मतदान प्रारंभ हो जाएगा। मतदान में अनारंक्षित वर्ग महिला एवं पुरूष एवं अनुसुचित जाति वर्ग हेतु संचालक पदो के लिये मत डाले जाएगें। अनारक्षित पुरूष वर्ग का मत पत्र सफेद, अनारक्षित महिला वर्ग का मत पत्र गुलाबी और अनुसुचित जाति वर्ग का मत पत्र हल्का हरा रंग का होगा। प्रत्येक मत पत्र पर निर्वाचित होने वाले अभ्यार्थियों के नाम के सामने चुनाव चिन्ह पर मतदान करना होगा। स्थानीय सुविधाओं के आधार पर मतदान के लिये मतदाताओं को भारत सरकार द्वारा निर्धारित परिचय पत्र के अलावा संस्था से संबंधित कोई भी एक सदस्यता का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा, संस्था की पास बुक या सदस्यता प्रमाण पत्र साथ मे ला सकते है। मतदान समाप्ति के आधे घण्टे पश्चात में मतगणना, मतदान स्थल पर ही की जावेगी। मतदान एवं मतगणना के दौरान अभ्यर्थी या अभिकर्ता उपस्थित रह सकते है। मतदान एवं मतगणना के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतदान एवं मतगणना के दौरान लोकसभा, विधानसभा निर्वाचन के पेटर्न पर 100 मीटर की परिधि नियत की गई है, इस परिधि में मत हेतु याचना वर्जित रहेगी।

### नपा अध्यक्ष ने दिए निर्देश गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, सभी कार्य

**शामगढ़।** नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव नया कार्यालय पहुंची अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे नगरवासियों से अध्यक्ष यादव ने सीधे संवाद किया। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी जायज समस्याओं की बारीकी से समीक्षा की जाएगी और जल्द से जल्द उनका उचित समाधान निकाला जाएगा। विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक* के दौरान परिषद के अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष ने नगर में वर्तमान में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि जनता को इनका शीघ्र लाभ मिल सके।

## कालिदास सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सेंट कबीर विद्यालय के दस विद्यार्थी हुए सम्मानित

शिक्षिका प्रीति तारें को भी मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कालिदास संस्कृत अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद उज्जैन एवं जिला प्रशासन मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित कालिदास सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में सेंट कबीर विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर सेंट कबीर विद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं को जिला प्रशासन एवं कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति, संस्कृत साहित्य और महाकवि कालिदास के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।



विद्यालय की प्राचार्या नीता भदौरिया ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान, व्यक्तित्व एवं सांस्कृतिक चेतना को समृद्ध करती हैं। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं श्रीमती प्रीति तारें एवं श्रीमती ट्विंकल वर्मा भी उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए श्रीमती प्रीति तारें को भी समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय परिवार के लिए विशेष गर्व का विषय रहा।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, कालिदास संस्कृत अकादमी के पदाधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के पश्चात विद्यालय में खुशी का वातावरण देखा गया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।

## सांसद गुप्ता ने उठाया आईटीआई उन्नयन और पीएम-सेतु योजना का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से देशभर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई टी आई) के विस्तार, उन्नयन एवं आधुनिकीकरण तथा पीएम-सेतु योजना के क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया। प्रश्न के जवाब में मंत्रालय ने बताया कि युवाओं को आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाने और उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से देशभर में आईटीआई के सुदृढ़ीकरण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। सरकार लगातार आईटीआई की संख्या और प्रशिक्षण क्षमता में वृद्धि कर रही है, जिससे अधिक से अधिक



युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। उत्तर में यह भी जानकारी दी गई कि बदलती औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, ड्रोन टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर तथा ग्रीन एनर्जी जैसे उभरते क्षेत्रों से जुड़े नए पाठ्यक्रम आईटीआई में शुरू किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार किया जा सके। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि विनिर्माण, खनन तथा अन्य उभरते औद्योगिक क्षेत्रों की मांग के अनुसार युवाओं को 'फ्यूचर-रेडी' व्यवसायों में प्रशिक्षित करने के लिए आवश्यक बजटीय प्रावधान एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि देश के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा और रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करना विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईटीआई के आधुनिकीकरण और पीएम-सेतु योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे ।

## स्वच्छता व जलजनित बीमारियों से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

**डायरिया रोको अभियान**

पीएचई के कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार द्वारा बताया गया कि वर्षाकाल में जलजनित बीमारियों की रोकथाम और ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में डायरिया रोको अभियान जिला कलेक्टर अदिती गर्ग के मार्गदर्शन मे चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिलेभर के समस्त पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन करने के साथ लोगों को स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वर्षा के दौरान भूजल एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों के दूषित होने की संभावना बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन कराया जा रहा है, ताकि डायरिया, हैजा, टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।इसी क्रम में मन्दसौर विकासखंड के ग्राम अरनिया निजामुद्दीन व डिगांव मे सभी पेयजल स्त्रोतों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनेशन किया गया। अभियान के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार मुकेश गुप्ता, पीएमयु सलाहकार अंकित ठाकुर,हैंडपम्प टेक्निशियन मदनलाल मालवीय ने ग्रामीणों को पेयजल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का उपयोग करने तथा डायरिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की सरल भाषा में जानकारी दी।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान.... लोगों को दिलाई नशा न करने की शपथ

# रंगों व लेखनी से युवाओं ने दिया नशामुक्त समाज का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़

पुलिस मुख्यालय, मधयप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार संचालित ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में जिला पुलिस आगर मालवा द्वारा जिले भर में नशामुक्ति जनजागरूकता गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, जागरूकता संवाद एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का मुख्य आकर्षण संस्कार स्कूल, आगर में आयोजित अंतरविद्यालयीन चित्रकला प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता में संस्कार स्कूल, मॉडल स्कूल, पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं पीतांबरा कॉलेज के लगभग 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से ₹नशे से दूरी है ज़रूरी₹ का प्रभावशाली संदेश दिया। विद्यार्थियों की चित्रकृतियों में नशे के दुष्प्रभाव, स्वस्थ जीवन का महत्व एवं नशामुक्त समाज की प्रेरक झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक शशि उपाध्याय, उप निरीक्षक सुनीता परिहार व सायबर सेल प्रभारीउप निरीक्षक राखी गुर्जर ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रुचिका सोलंकी, शीतल शर्मा एवं मयूरशिखा भटनागर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इसी क्रम में थाना नलखेड़ा द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नलखेड़ा में ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से नशे के विरुद्ध सशक्त संदेश दिया। प्रतियोगिता में रवीना गोस्वामी ने प्रथम, लक्ष्मी गुर्जर ने द्वितीय एवं राजेश सोंधिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया। थाना सोयत कला द्वारा ग्राम सालियाखेड़ी स्थित नव उदय पब्लिक हाई स्कूल में लगभग 300 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। चौकी पीपलोन कला द्वारा जमात खाना, कस्बा पीपलोन में ग्रामीणों एवं नगरवासियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। वहीं थाना कानड़ द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, कानड़ में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया तथा सभी को नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया। जिला पुलिस आगर मालवा का मानना है कि नशे के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता है। जब युवा अपनी कला, विचार और लेखनी के माध्यम से समाज को संदेश देते हैं, तो यह अभियान केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर लेता है। जिला पुलिस आगर मालवा ने नागरिकों से अपील की है कि स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करें तथा ₹ज़िंदगी को हाँ, नशे को ना₹ के संदेश को जन-जन तक पहुँचाकर नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सहभागी बनें।








## खबर संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**देवास।** शहर के शुक्रवारिया हाट क्षेत्र में मंगलवार सुबह विवाहित महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक महिला की पहचान रिंकी पति मनोज पडियार के रूप में हुई है। घटना के दिन सुबह उन्होंने अपने बच्चों को स्कूल के लिए ऑटो में बैठाया था। उस समय उनके पति मनोज सुबह की सैर पर गए हुए थे। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद शर्मा ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई प्राण प्रतिष्ठा

**देवास।** राधागंज स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के शिव कुंज धाम में मंगलवार से तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना एवं अन्य वैदिक पूजन विधियां संपन्न कराई गईं। पूरे परिसर में भगवान भोलेनाथ के जयघोष, मंत्रोच्चार और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं युवा उपस्थित रहे।

---

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# सीएमओ हाटपीपल्या, करनावद और सतवास की वेतन वृद्धि रोकने नोटिस के दिए निर्देश

गर्भवती एएनसी पंजीयन कार्य में लापरवाही पर सोनकच्छ और खातेगांव बीएमओ को शोकाज नोटिस के दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन की विकासखंडवार स्थिति की जांच की और पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सोनकच्छ और खातेगांव क्षेत्र में एएनसी पंजीयन में प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त कर कार्य में लापरवाही बरतने पर सोनकच्छ और खातेगांव के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में जहां कहीं पर भी बाल विवाह के मामले सामने आए हैं, वहां से संबंधित क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाए। बैठक में मॉडरेट एनीमिक गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य प्रबंधन की भी समीक्षा की गई। सोनकच्छ क्षेत्र में इस कार्य में भी प्रगति नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने सोनकच्छ बीएमओ को पुनः शोकाज नोटिस के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीएमओ को सचेत किया कि यदि कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों के पंजीयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर सिंह ने टोंकखुर्द के सीडीपीओ को निलंबन संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी निर्देशित किया कि यदि आगामी एक सप्ताह के भीतर बच्चों के पंजीयन कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं दिखाई देती है, तो तत्काल निलंबन की वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर सिंह ने लगातार कार्य में लापरवाही बरतने पर एनआरएलएम में कार्यरत पकंज ठाकुर को टर्मिनेशन संबंधी शोकाज नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले में संचालित स्व सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बैंक लिंकेज की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्व सहायता समूहों के आवेदनों और ऋण स्वीकृति में आ रही तकनीकी दिक्कतों को तुरंत दूर किया जाए ताकि महिलाओं को समय पर आर्थिक लाभ मिल सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें। समीक्षा के दौरान बताया गया कि 181 स्व सहायता समूह की 711 महिलाओं को पशुपालन कार्य के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत तय समय सीमा के बाद लंबित सभी प्रकरणों पर संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध दण्ड की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण निराकरण हर हाल में सुनिश्चित होना चाहिए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि हाटपीपल्या, करनावद और सतवास नगरीय निकायों में लंबे समय से आवेदकों के प्रकरणों का निराकरण नहीं किया गया है।

आवेदनों के निराकरण में अत्यधिक देरी और कार्य के प्रति उदासीनता को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने हाटपीपल्या, करनावद और सतवास के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने संबंधी शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। देवास में माताजी टेकरी पर संचालित रोपवे का संचालन वर्तमान बंद होने पर कलेक्टर सिंह ने एसडीएम देवास को निर्देश दिए कि रोपवे के संचालक को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें।

---

# ओवररेट पर खाद बेचने वाले विक्रेता पर एफआईआर दर्ज

कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में अधिक कीमत पर उर्वरक बेचने के मामले में मेसर्स विनायक श्री, कोटखेड़ी उदयनगर के प्रोपराइटर मनीष कुमार जायसवाल के खिलाफ उदयनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया ने बताया कि कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर किसानों की शिकायत के आधार पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी काशीराम चौहान ने मेसर्स विनायक श्री उर्वरक विक्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि विक्रेता द्वारा यूरिया का सरकारी निर्धारित मूल्य 266.50 रुपये प्रति बैग होने के बावजूद 340 रुपये में, कॉम्प्लेक्स एनपीकेएस का मूल्य 1900 रुपये के स्थान पर 2450 रुपये तथा एसएसपी पाउडर 565 रुपये के बजाय 610 रुपये प्रति बैग में बेचा जा रहा था। अनियमितता पाए जाने पर प्रोपराइटर मनीष कुमार जायसवाल निवासी मिर्जापुर के खिलाफ उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 की धारा 3, 5 एवं 35 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत उदयनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या बिना बिल बिक्री करने वाले किसी भी विक्रेता को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक संचालक कृषि लोकेश गंगराड़े, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार परमार, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक बागली काशीराम चौहान तथा संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# 21 फीट ऊंचे पुष्प-सज्जित रथ पर विराजे प्रभु भक्ति और उल्लास के साथ निकली रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




इस्कॉन देवास द्वारा मंगलवार को भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। दोपहर में रामनगर स्थित रामेश्वर धाम मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा नयापुरा स्थित लक्ष्मी नारायण धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और हरे कृष्ण, हरे राम महामंत्र के संकीर्तन से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण 21 फीट ऊंचा भव्य पुष्प-सज्जित रथ रहा, जिस पर भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी विराजमान थे। रथ को 15 प्रकार के ताजे एवं सुगंधित फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में भगवान के जयघोष करते हुए रथ को खींचा और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। रथयात्रा से प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा था। इस अवसर पर ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के शिष्य परम पूज्य महामना प्रभु एवं प्राणेश्वर प्रभु की दिव्य उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। वहीं यूक्रेन और फिलीपींस से आए विदेशी भक्तों ने भी संकीर्तन और नृत्य के माध्यम से रथ यात्रा में भाग लेकर आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया। रथ यात्रा के समापन पर लक्ष्मी नारायण धर्मशाला में भव्य सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में शहर एवं आसपास से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर संकीर्तन में भाग लिया और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। इस्कॉन देवास ने रथ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

---

# गुणवत्ता सुनिश्चित करने सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण करते हुए इटावा अर्बन पीएचसी एवं विक्रम नगर आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.शाहिद शेख एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीषा मिश्रा भी साथ रहे। निरीक्षण के दौरान डॉ बेक ने दस्तक अभियान से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों तक सेवाएँ समय पर पहुँचे। उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से ओपीडी सेवाओं और शासन द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी ली। संस्था में निर्धारित आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की। क्षेत्र के पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने कहा कि दस्तक अभियान का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों को सक्रिय रहकर सेवाएं प्रदान करनी होंगी। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे तक समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने प्रतिदिन किए गए कार्यों की शत-प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन प्रविष्टि करने संबंधी निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि घर-घर सर्वेक्षण के दौरान डायरिया, निमोनिया, गंभीर कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया, डेंगू सहित अन्य गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर आवश्यक उपचार एवं रेफरल सुनिश्चित किया जाए।

---

# आदेश कागजों तक सीमित, मासूमों के कंधों पर बढ़ता बस्ते का बोझ, शिक्षा विभाग के निर्देशों पर नहीं हो रहा अमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



स्कूली बच्चों के बस्तों का बढ़ता वजन एक बार फिर चिंता का विषय बन गया है। हर वर्ष शिक्षा विभाग बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने के निर्देश जारी करता है, लेकिन इन आदेशों का पालन धरातल पर नजर नहीं आता। नतीजतन छोटे-छोटे मासूम बच्चों के कंधों पर भारी भरकम बस्तों का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि हर साल नई किताबें, प्रकाशक बदलने और एक ही विषय की दो-दो महंगी पुस्तकों के कारण बच्चों के बैग का वजन बढ़ रहा है।शिक्षा विभाग की ओर से बस्तों का वजन कम करने के लिए हर नए सत्र में दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद यह कवायद ठंडी पड़ जाती है। निजी स्कूलों में नियमों की अनदेखी कर एक ही विषय की एक से अधिक किताबें लगाई जाती हैं, जिससे बच्चों के बैग का वजन दोगुना हो जाता है। बोझ कम करने की कवायद बेअसरशिक्षा के निजीकरण के दौर में बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने के प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। यूकेजी से लेकर हाईस्कूल तक के विद्यार्थियों को रोजाना भारी बैग उठाने पड़ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि हर साल बच्चों के बैग का वजन एक से दो किलो तक बढ़ जाता है, जिससे बच्चों को शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।जांच टीम सिर्फ कागजों मेंसूत्रों के अनुसार शिक्षा विभाग हर वर्ष बस्तों के वजन की जांच के लिए टीम गठित करने के आदेश जारी करता है, लेकिन यह कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह जाती है। निरीक्षण और प्रभावी कार्रवाई के अभाव में निजी विद्यालय मनमानी करते रहते हैं।

**की जाएगी कार्रवाई**

जल्द ही निरीक्षण कर ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

**सज्जन सिंह मालवीय,** प्रभारी बीईओ, सोनकच्छ

---

# शिक्षा विभाग की टीम ने निजी विद्यालयों का किया निरीक्षण शिक्षा व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र के निजी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संकुल प्रभारी राकेश तिवारी ने डेहरी के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी एवं बधावा के प्रभारी प्राचार्य श्रीनिवास शर्मा के साथ क्षेत्र के विभिन्न निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों के गणवेश, स्कूल बस की व्यवस्थाओं सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान कई कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया गया तथा उनकी शैक्षणिक तैयारी, सीखने की क्षमता एवं शिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया गया। संकुल प्रभारी राकेश तिवारी ने विद्यालय संचालकों को शासन के सभी नियमों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रत्येक विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि निजी विद्यालयों में औचक निरीक्षण का यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, अनुशासन और जवाबदेही बनी रहे तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इस अभियान से निजी विद्यालयों में शासन के निर्देशों के प्रभावी पालन और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

---

12 दिन मौत से जंग, फिर मिली जिंदगी, चिकित्सकों की मेहनत लाई रंग

# एसएनसीयू टीम ने नहीं टूटने दी परिजनों की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला चिकित्सालय देवास की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) ने एक बार फिर अपनी दक्षता और समर्पण का परिचय देते हुए गंभीर रूप से बीमार नवजात को नया जीवन दिया। जन्म के समय सांस नहीं लेने, गंभीर संक्रमण, रक्तस्राव और लगातार गिरते प्लेटलेट्स जैसी जटिल परिस्थितियों से जूझ रहे नवजात को 17 दिन के अथक उपचार के बाद स्वस्थ कर घर भेजा गया। ग्राम कलमा, तहसील टोकखुर्द निवासी 23 वर्षीय शिवानी का 2 जुलाई 2026 को जिला चिकित्सालय में 35 सप्ताह की गर्भावस्था में सिजेरियन प्रसव हुआ। उन्होंने 2 किलो 200 ग्राम वजन के शिशु को जन्म दिया, लेकिन जन्म के समय शिशु रोया नहीं और उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी थी। तत्काल उसे एसएनसीयू में भर्ती कर सीपेप (सीपीएपी) सपोर्ट पर रखा गया। जांच में शिशु को गंभीर संक्रमण की पुष्टि हुई। कुछ ही समय बाद उसे रक्तस्राव शुरू हो गया और प्लेटलेट्स घटकर मात्र 15 हजार रह गए। चिकित्सकों ने एंटीबायोटिक उपचार के साथ दो बार प्लेटलेट्स चढ़ाए और लगातार निगरानी में इलाज जारी रखा। शिशु की नाजुक हालत देखकर परिजन पूरी तरह निराश हो चुके थे और चिकित्सकों के सामने भी बड़ी चुनौती थी। लगातार आठ दिन तक चले गहन उपचार के बाद शिशु की स्थिति में सुधार दिखाई दिया। उसे सीपेप से हटाकर ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया और नली के माध्यम से दूध देना शुरू किया गया। अगले चार दिनों में ऑक्सीजन की मात्रा धीरे-धीरे कम करते हुए दूध की मात्रा बढ़ाई गई। 12 दिन बाद जब पहली बार शिशु को मां की गोद में सौंपा गया तो भावुक माहौल बन गया। मां की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े, वहीं पिता भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। इसके बाद शिशु को एमएनसीयू में स्थानांतरित किया गया। इलाज के दौरान प्लेटलेट्स बढ़कर 26 हजार हो गए थे और स्थिति में लगातार सुधार हो रहा था। 14 जुलाई को डिस्चार्ज की तैयारी की गई, लेकिन अंतिम जांच में प्लेटलेट्स फिर से कम पाए गए। इस बीच घर पर मौजूद शिशु की तीन वर्षीय बहन भी माता-पिता से दूर रहने के कारण बीमार पड़ गई और उसने भोजन करना छोड़ दिया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद एसएनसीयू टीम ने परिजनों का हौसला बढ़ाते हुए उपचार जारी रखा। आखिरकार 17 जुलाई 2026 को सभी जांच रिपोर्ट सामान्य आने और शिशु के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डिस्चार्ज के समय परिवार ने चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ का भावुक होकर आभार व्यक्त किया। इस सफलता में एसएनसीयू की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वैशाली निगम, डॉ. अनुज चाचरे, डॉ. अश्विन सिंह तथा संपूर्ण नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने दिन-रात समर्पण के साथ उपचार कर नवजात को नया जीवन देने में अहम योगदान दिया।

---

### अलकापुरी में सूने मकान से लाखों की चोरी, ज्वेलरी और नकदी ले उड़े बदमाश



**देवास।** अलकापुरी क्षेत्र में एक सूने मकान से लाखों रुपए की ज्वेलरी और नकदी चोरी हो गई। वारदात उस समय हुई, जब मकान मालिक परिवार सहित रिश्तेदारी में एक गमी के कार्यक्रम में गए हुए थे। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, मकान मालिक चेतनपुरी गोस्वामी 17 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए थे। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे पड़ोसियों ने उन्हें घर में चोरी होने की सूचना दी। चेतनपुरी के भाई मनीष गोस्वामी जब मौके पर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा खुला मिला। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से सोने की ज्वेलरी और नकदी गायब थी। मनीष गोस्वामी ने वीडियो कॉल के जरिए चेतनपुरी गोस्वामी को घर की स्थिति दिखाई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मंगलसूत्र सहित सोने के कई आभूषण और नकदी चोरी हुई है। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोरी गए सामान का पूरा ब्यौरा मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### फसल में दवा डालने गए किसान की संदिग्धावस्था में मौत, जांच शुरू

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नंदनवारा में खेत पर फसल में दवा डालने गए 45 वर्षीय अफसर पुत्र गजराज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने सांप के काटने से मौत होने की आशंका जताई है, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले पर फंदे के निशान मिलने के बाद मौत का कारण फांसी लगना बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के भतीजे प्रवीन ने बताया कि अफसर सोमवार को उड़द की फसल में दवा डालने खेत गए थे। वह खेत पर अचेत पड़े थे। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने देखा तो परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की सहायता से मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। अफसर तीन भाइयों और तीन बहनों में दूसरे नंबर के थे। उनके एक पुत्र और एक पुत्री हैं । वह खेती किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों का कहना है कि संभवतः सांप के काटने से उनकी मौत हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। सूत्रों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के गले पर फंदे के निशान पाए गए हैं और मौत का कारण फांसी लगना बताया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है । जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि होगी।

### स्वाभिमानी मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**जखौरा।** स्वाभिमानी मजदूर संगठन के नेतृत्व में जखौरा ब्लॉक में मजदूरों की विभिन्न समस्याओं एवं वीबीजीरामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन दिया। जिसमें मुख्य रूप से वीबीजीरामजी के अंतर्गत सभी पात्र मजदूरों को 125 दिनों का रोजगार दिया जाए। 400 प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित की जाए। मजदूरों को समय पर कार्य एवं समय पर मजदूरी का भुगतान किया जाए। मजदूरों के अधिकारों का संरक्षण करते हुए सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। विभिन्न ग्राम पंचायत में काम का आवेदन देने के बाद भी काम नहीं किया जा रहा है। संगठन ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया गया है। यदि मजदूरों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं किया गया, तो आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।

### दिव्यांग युवक का शव संदिग्धावस्था में पड़ा मिला

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह एक अज्ञात दिव्यांग युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पुल के नीचे हुई। स्थानीय लोगों ने युवक को संदिग्ध हालत में पड़ा देखा और इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। स्टेशन अधीक्षक ने तत्काल रेलवे चिकित्सक को बुलाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जीआरपी को सूचित किया गया। जीआरपी कर्मियों ने शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मृतक युवक की उम्र लगभग 30 साल बताई जा रही है और वह दोनों हाथों से दिव्यांग था।


### तृतीय व चतुर्थ चरण की समय-सारणी जारी

**विदिशा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विदिशा ने सत्र 2026 के प्रवेश के लिए तृतीय चरण एवं चतुर्थ चरण (अपग्रेड) की समय-सारणी जारी कर दी है। संस्थान के अनुसार 25 जुलाई तक नवीन पंजीयन, त्रुटि सुधार और चॉइस फिलिंग की जा सकेगी। 26 जुलाई को कॉमन रैंक प्रदर्शित होगी तथा 26-27 जुलाई तक प्राप्तांकों में सुधार का अवसर रहेगा। 31 जुलाई को तृतीय चयन सूची जारी होगी, जबकि 31 जुलाई से 4 अगस्त तक प्रवेश व दस्तावेज सत्यापन होगा।

---

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा ने निष्पक्ष जांच की मांग की

# डॉ. तेजस्व प्रकरण में कायस्थ समाज ने डीएम और एसपी को सौंपा ज्ञापन



**आरोप निराधार पाए जाने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कार्रवाई की उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर के चिकित्सक डॉ. तेजस्व श्रीवास्तव के विरुद्ध दर्ज मुकदमे को लेकर मंगलवार को श्रीचित्रगुप्त कायस्थ सभा के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पृथक-पृथक ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कराने की मांग की। सभा की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि थाना कोतवाली में एफआईआर संख्या 0801/2026 दिनांक 18 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं में डॉ. तेजस्व श्रीवास्तव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

ज्ञापन में दावा किया गया कि चिकित्सक लंबे समय से जनपद में चिकित्सा सेवा से जुड़े हुए हैं और उनकी सामाजिक छवि निष्कलंक रही है। सभा का कहना है कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध एवं तथ्यों से परे प्रतीत होता है। प्रतिनिधिमंडल ने आशंका व्यक्त की कि व्यक्तिगत विवाद या अन्य कारणों से कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग कर उन्हें झूठे मामले में फंसाने का प्रयास किया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि ऐसे मामलों का किसी व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा और पेशेवर जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, इसलिए निष्पक्ष जांच कराना न्यायहित में आवश्यक है। सभा ने प्रशासन से मांग की कि मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी, जैसे क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक अथवा अन्य सक्षम अधिकारी से कराई जाए। साथ ही जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों, कॉल रिकॉर्ड, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों का निष्पक्ष परीक्षण किया जाए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि यदि जांच में आरोप असत्य, निराधार या दुर्भावनापूर्ण पाए जाते हैं, तो संबंधित शिकायतकर्ता के विरुद्ध भी विधि के अनुसार एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी निर्दोष व्यक्ति को झूठे मामलों में फंसाने की प्रवृत्ति पर रोक लग सके। श्रीचित्रगुप्त कायस्थ सभा ने यह भी कहा कि यदि समाज के प्रतिष्ठित एवं सेवा-भाव से कार्य करने वाले लोगों को इस प्रकार के मामलों में प्रताड़ित किया जाएगा, तो समाज में विश्वास एवं सौहार्द प्रभावित होगा। साथ ही रोजगार देने वाले लोग भी अनावश्यक विवादों की आशंका से पीछे हट सकते हैं, जिसका असर रोजगार के अवसरों पर पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया कि मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराकर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायोचित निर्णय लिया जाए।

---

पेपर लीक मामला

# सपाईयों ने खून से पत्र लिखकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**समाजवादी युवजन सभा एवं छात्रसभा ने किया प्रदर्शन**

दिल्ली के जंतर मंतर मैदान में नीट पेपर सहित अन्य पेपर लीक होने के मामले को लेकर छात्रों द्वारा लगातार केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की जा रही है। वहीं दिल्ली में अपनी मांगों को शांतिपूर्वक तरीके से उठा रहे छात्र छात्राओं पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया है। जिससे पूरे देश में केन्द्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर ललितपुर में समाजवादी युवजन सभा के साथ छात्रसभा ने भी प्रदर्शन किया। समाजवादी युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी एवं समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से अपने खून से पत्र लिखकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा है। जिसमें उन्होंने भारत की शिक्षा प्रणाली पर सवाल उठाते हुए उसे दुरूस्त कराने की मांग सहित केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांगा है। इस दौरान छात्रसभा जिला महासचिव रवि खटीक, नीलू रजक, यादवेन्दयादव फौजपुरा, विजय पाल, विक्की रजक, नसीर खान, रजत घावरी, अमन मंसूरी आदि मौजूद रहे।

---

**सर्विलांस और तकनीकी जांच की मदद से वारदात का किया खुलासा**

# लूटे गए दो मोबाइल, 8,800 नकद और बाइक बरामद, चार गिरफ्तार



**ललितपुर।** थाना मड़ावरा पुलिस ने छिनैती के एक मामले का खुलासा करते हुए चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन, 8800 रुपये नकद तथा वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना मड़ावरा पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना मड़ावरा में मु.अ.सं. 181/2026 धारा 134/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने शिकायत में बताया था कि चार युवकों ने उससे और उसके दोस्त से मोबाइल फोन एवं नकदी छीन ली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सर्विलांस, तकनीकी विश्लेषण तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने ग्राम रनगांव निवासी राजपाल उर्फ करिया पुत्र हल्के भैय्या अहिरवार, प्रिन्स उर्फ करिया पुत्र भुजबल अहिरवार, मड़ावरा निवासी जागेश्वर उर्फ जागेश पुत्र सुरेन्द्र यादव व मानवेन्द्र उर्फ झल्लू पुत्र जुगराज लोधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, 8,800 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना मड़ावरा पुलिस टीम ने अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

125 दिन रोजगार, 400 रुपए दैनिक मजदूरी और समय पर भुगतान की उठाई मांग

# स्वाभिमानी मजदूर संगठन ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर बीडीओ और तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** स्वाभिमानी मजदूर संगठन के नेतृत्व में मड़ावरा ब्लॉक में मजदूरों की विभिन्न समस्याओं और वीबी जीरामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर ब्लॉक विकास अधिकारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने मजदूरों को रोजगार और मजदूरी से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखा जाएगा।

ज्ञापन में संगठन ने मांग की कि व्ही.बी.जीरामजी योजना के तहत सभी पात्र मजदूरों को 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा प्रत्येक श्रमिक को 400 रुपये प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मजदूरों को समय पर काम उपलब्ध कराने और उनकी मजदूरी का समय से भुगतान किए जाने की भी मांग उठाई गई। संगठन ने आरोप लगाया कि कई ग्राम पंचायतों में मजदूरों द्वारा नियमानुसार काम के लिए आवेदन देने के बावजूद उन्हें रोजगार नहीं दिया जा रहा है। इससे श्रमिकों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनकी सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। स्वाभिमानी मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संचालित किया जा रहा है। प्रशासन से अपेक्षा है कि मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान किया जाएगा। यदि निर्धारित समय में मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन चरणबद्ध तरीके से अपना आंदोलन आगे बढ़ाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी मांगों पर नियमानुसार विचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

---

दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले, आठ लोगों पर क्रॉस एफआईआर

# पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम म्यांव मजरा दूधिया में सोमवार शाम पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते लाठी-डंडों और लात-घूंसों की मारपीट में बदल गई। घटना में दोनों पक्षों के महिला और पुरुष सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों मुकदमे 20 जुलाई 2026 को लगभग आधे घंटे के अंतराल में हुई घटना से जुड़े हैं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर पहले हमला करने और गाली-गलौज करने का आरोप लगा रहे हैं।

पहले पक्ष की ओर से ग्राम म्यांव निवासी आजाद रजक पुत्र चैनू रजक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार शाम करीब 4 बजे वह अपने घर पर गाय का दूध निकाल रहे थे। इसी दौरान परिवार के ही रामकिशोर पुत्र घनश्याम, घनश्याम पुत्र नंदलाल रजक, गीता पत्नी घनश्याम तथा क्रान्ति पत्नी रामकिशोर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आजाद का आरोप है कि शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी मां राजकुमारी और पत्नी रीना के साथ भी मारपीट की गई, जिससे तीनों को चोटें आईं। घटना के बाद पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से गीता देवी पत्नी घनश्याम रजक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह सोमवार शाम करीब 4.30 बजे अपने घर के बाहर काम कर रही थीं। तभी परिवार के ही आजाद पुत्र चैनू, चैनू पुत्र नंदलाल रजक, रीना पत्नी आजाद तथा राजकुमारी पत्नी चैनू वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। गीता देवी का कहना है कि विरोध करने पर चारों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उन्हें बचाने आए उनके पति घनश्याम और पुत्र रामकिशोर के साथ भी मारपीट की गई, जिससे तीनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर विवाद

# महिला और पति पर लाठी-डंडों से हमला, 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम सूरीकलां में हैंडपंप से पानी भरने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के चार लोगों पर एक महिला और उसके पति के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम सूरीकलां निवासी रामकुंवर पत्नी तिलक अहिरवार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 जुलाई 2026 की शाम करीब छह बजे वह घर के पास स्थित हैंडपंप पर पानी भरने गई थीं। इसी दौरान गांव के दल सिंह पुत्र धनुवा, अमर कांत पुत्र हरभजन, रचना पत्नी भानुप्रताप तथा हल्की पत्नी दल सिंह वहां पहुंचे और बिना किसी बात के उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर चारों आरोपियों ने एकराय होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर पति तिलक अहिरवार बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। शोर सुनकर जब आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है।

---

# महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम व पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने महिला जनसुनवाई आज



**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता से उप्र राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल द्वारा लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई की जाएगी, साथ ही महिला कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के प्रचार-प्रसार व महिला अधिकारों की जानकारी हेतु विकास खण्ड जखौरा के ग्राम हर्षपुर में दोपहर 2 बजे से जनचौपाल भी करेंगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ति महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जनसुनवाई में शिकायतकर्ता अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के साथ, मोबाइल नंबर, अपना आईडी प्रूव जैसे आधारकार्ड आदि की छायाप्रति अवश्य लेकर आएं।

---

सुम्मेरा तालाब और वृद्धाश्रम परिसर में किया गया पौधरोपण

# ललितपुर में स्थापित होगा कपि वन, एक दिन में लगाए गए 6 हजार फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने नागरिकों से किया पर्यावरण संरक्षण का आह्वान**




वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में कपि वन की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 6 हजार फलदार पौधों का रोपण किया गया। यह पौधरोपण वार्ड संख्या-20 के तालाबपुरा स्थित सुम्मेरा तालाब एवं वृद्धाश्रम परिसर के आसपास किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, वन विभाग के अधिकारी एवं नगर पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन, जैव विविधता के संवर्धन और हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में विशिष्ट वनों की स्थापना की जा रही है। इसी योजना के अंतर्गत कपि वन विकसित करने के लिए फलदार पौधों का रोपण किया गया है। अभियान के तहत सुम्मेरा तालाब परिसर में 1,000 तथा वृद्धाश्रम के समीप 5,000 पौधे लगाए गए। इस प्रकार एक ही दिन में कुल 6,000 फलदार पौधों का रोपण किया गया। लगाए गए पौधों में आम, अमरूद, कटहल, सीताफल सहित विभिन्न फलदार प्रजातियां शामिल हैं, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पक्षियों एवं वन्य जीवों के लिए भी उपयोगी साबित होंगी। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन की आधारशिला हैं। वृक्ष न केवल शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ वातावरण और छाया प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण वैश्विक आवश्यकता बन चुका है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प ले। उन्होंने बताया कि कपि वन योजना के तहत लगाए गए फलदार पौधे भविष्य में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी रोहित यादव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनीष कुमार गौण, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, नजूल लिपिक सुधीर कुमार रावत, सतेन्द्र रिछारिया, सुधांशु मालवीय, कृष्णपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह यादव, मुकेश यादव सहित नगर पालिका परिषद एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

---

# जिला बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम घोषित

**अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार देवलिया और लखनलाल यादव बने महामंत्री**

**ललितपुर।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मतगणना पूर्ण होने के उपरांत विभिन्न पदों पर निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। घोषित परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता राजेश कुमार देवलिया ने विजय प्राप्त की। वहीं महामंत्री पद पर अधिवक्ता लखनलाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता कैलाश बाबू समैया तथा कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता अर्चना परमार निर्वाचित घोषित किए गए। परिणामों की घोषणा होते ही समर्थकों एवं अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। कचहरी परिसर में खुशी का माहौल रहा और



अधिवक्ताओं ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों से बार एसोसिएशन की गरिमा, अधिवक्ता हितों की रक्षा तथा न्यायिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह बिना किसी भेदभाव के बार के प्रत्येक सदस्य के हितों की रक्षा, संगठन की एकता तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे।

### निर्माण एजेंसी पुलिस हाउसिंग स्वास्थ्य विभाग को काफी पहले कर चुकी है हैंडओवर

# उद्घाटन के इंतजार में डिप्टी सीएम के निर्देशों पर बनाया गया रैनबसेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय पर निर्मित नवीन जिला चिकित्सालय भवन के लोकार्पण समारोह में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान मरीजों के अटेंडरों के रहने, सोने इत्यादि के लिए उन्होंने अधीनस्थों को जिला अस्पताल के समीप ही रैनबसैरा निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए थे। डिप्टी सीएम के निर्देशों पर त्वरित रूप से रैनबसेरे का प्रस्ताव तैयार होकर टैंडर जारी हुए और निर्माण एजेंसी पुलिस हाऊसिंग को निर्माण का जिम्मा मिला। पुलिस हाऊसिंग ने तय समय में इस रैनबसेरे का निर्माण पूरा करते हुए बिल्डिंग को स्वास्थ्य विभाग के हैंडओवर भी कर दिया है। कई माह पहले हैंडओवर हुए इस रैनबसेरे का फायदा अभी तक मरीजों के साथ आने वाले अटेंडरों को नहीं मिल पा रहा है। दरअसल, भवन का उद्धघाटन अभी तक नहीं हो पाया है।

### तय समय में बनकर तैयार हुआ है यह रैनबसेरा

इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि जिला अस्पताल भवन की मानिंद इस रैनबसेरे का निर्माण भी गुणवत्तापूर्ण हुआ है। निर्माण एजेंसी पुलिस हाऊसिंग तय समय में भवन बनाकर स्वास्थ्य विभाग/एनएचएम को सौंप चुकी है। अटेंडरों के विश्राम हेतु बने इस भवन में महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं।

**खास-खास**

| | |
|---|---|
| लागत | 1 करोड़ 35 लाख |
| एजेंसी | पुलिस हाउसिंग |
| कक्ष | 80 (42 पुरुष, 38 महिला) |
| कहां बना | जहां पहले मेटरनिटी वार्ड था |

### किससे करवाया जाए उद्घाटन

उद्घाटन न होने के पीछे स्वास्थ्य विभाग की भी गलती नहीं कहीं जा सकती। आमजनों के अनुसार जिस तरह जिला अस्पताल का उद्धघाटन सीएम के हाथों लोकार्पित होने के इंतेजार में अटका था ऐसे में संभव है कि विभाग इसका उद्घाटन किसी बड़े जनप्रतिनिधि के हाथों करवाना चाहता हो।

**इनका कहना है**

दरअसल, रैनबसेरे के निर्माण के बाद करीब 30 लाख की राशि बच गई थी जो पुलिस हाउसिंग ने एनएचएम को लौटा दी। मैने कलेक्टर सर से इसके उद्धघाटन के प्रयास हेतु अनुरोध किया था। इस पर उन्होंने एमडी, एनएचएम से पत्राचार किया है ताकि 30 लाख की राशि वापस मिल जाए और उससे जरूरी इन्फ्रास्ट्रचर डेवलप जैसे पलंग, पंखे, कूलर, बर्तन, एसी आदि क्रय किए जा सकें। मामला भोपाल अटका है। राशि आने पर हम वापस पुलिस हाउसिंग को देंगे।

**- रजनीश शर्मा,** सीएस सह अधीक्षक, जिला अस्पताल, राजगढ़

# नगर परिषद में चार वरिष्ठ भाजपा नेता पार्षद मनोनीत, कार्यकर्ताओं में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोविंद मालवीय, महेश भावसार, ठाकुर प्रसाद मीणा एवं जगदीश विश्वकर्मा को कुरावर नगर परिषद में पार्षद मनोनीत किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों में हर्ष का वातावरण है। इन चारों वरिष्ठ नेताओं को पार्षद मनोनीत किए जाने पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक अनुभव का लाभ नगर परिषद को मिलेगा तथा नगर के विकास कार्यों को नई गति प्राप्त होगी।

### नगर पालिका को मिले 6 नए एल्डरमैन

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश की नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्ति की प्रक्रिया के तहत सारंगपुर नगर पालिका परिषद में भी 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन मनोनीत सदस्यों को नगर पालिका परिषद की बैठकों में भाग लेकर नगर विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर अपनी राय देने का अवसर मिलेगा। एल्डरमैनों में दिनेश कुमार शर्मा वार्ड 8,राधेश्याम माहेश्वरी वार्ड 6,दिनेश सिसोदिया वार्ड 18, शिवनारायण पुष्पद,वार्ड 14, अनिल बारकिया वार्ड 17, सुंदरलाल जाटव वार्ड 09 को नियुक्त किया गया। नगर में एल्डरमैनों की नियुक्ति के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि इनके अनुभव का लाभ नगर के विकास कार्यों, जनहित के मुद्दों तथा परिषद के निर्णयों में मिलेगा।




### खिलचीपुर नगर परिषद में एल्डरमैन की नियुक्ति



**खिलचीपुर।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश द्वारा नगर परिषद खिलचीपुर में 4 एल्डरमैन नियुक्त किए गए, जिनमें पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, आईटी सेल के प्रभारी अजय साहू, शिवनाथ योगी, लखन कलोसिया के नाम शामिल हैं। नगर के वरिष्ठ जनो ओर शहरवासियो ने सभी नवनियुक्त एल्डर मेन को बधाई दी वहीं नगर के विकास कार्यों में सहयोग की अपील की।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 119वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बैंक ऑफ बड़ौदा का 119वां स्थापना दिसवस 20 जुलाई को शाखा ब्यावरा में मनाया गया। देश में 119 वर्षो से बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों का विश्वास बढ़ाते हुए उनका सहयोग के साथ प्रगति के नए आयाम स्थापित किया है। बैंक देश में अपने सेवा देते हुए 119 में एक अग्रीणी बैंक के रूप में देश की सबसे बड़ी दूसरी बैंक बन गई है। सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा ब्यावरा में शाखा प्रबंधक प्रतीक साहू के साथ समस्त स्टॉफ और सभी बैंक मित्र और शहर के वरिष्ठ लोगों ने मिलकर शाखा परिसर में कैक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक प्रतीक साहू द्वारा बैंक को सपोर्ट करने वाले बैंक मित्रों और गणमान्य लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जिले से एकत्रित हुई थी 762850 की राशि, सेना को दिए योगदान में राजगढ़ जिला पूरे सूबे में रहा अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सशस्त्र सेना झंडा दिवस वर्ष 2024-2025 के लिए राजगढ़ जिला निधि संग्रहण में पूरे सूबे में अव्वल रहा है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी गई लक्ष्य राशि 7,45,400 रुपए से अधिक राशि 7,62,850 रूपए सैनिकों के कल्याण हेतु एकत्रित की गई, जो कि लक्ष्य राशि का 102 प्रतिशत है। अवगत रहे कि यह राशि पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में संचालनालय सैनिक कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनायों के माध्यम से उपयोग में ली जाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल द्वारा अप्रेल माह में लोकभवन में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया था। उक्त सम्मान कलेक्टर डॉ. मिश्रा की ओर से जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों ने प्राप्त किया था।

### सैनिक कल्याण अधिकारी पहुंचे राजगढ़

उक्त प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) द्वारा सोमवार को कलेक्टर डॉ. मिश्रा को भेंट किया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के समस्त दानदाताओं, अधिकारीगण एवं कलेक्टर डॉ. मिश्रा का सशस्त्र सेना झंडा दिवस में सहयोग देने हेतु आभार एवं कृतज्ञता प्रगट की।

## रॉयल हाईट्स स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0'' जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और समाज को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन, अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। छात्राओं को विशेष रूप से आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा के साथ नशे से बचाव के उपाय बताए। 'शिक्षा का केंद्र ही नहीं अपितु संस्कार चरित्र निर्माण सामाजिक सरोकार भी देता विधालय'

संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र निर्माण और सामाजिक जागरूकता का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।इस जनजागरूकता अभियान से जेसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिह, समन्वयक पुष्कर पटेल, भोला सेन, दीपक भावसार सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।कार्यक्रम का संचालन अरविंद बंसल ने किया। छात्र-छात्राओं को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने तथा परिवार, मित्रों और समाज को भी जागरुक करने का संकल्प लिया।

## पत्रकार सलमान अली हत्याकांडः तीन को उम्रकैद, दो बरी

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर



बहुचर्चित पत्रकार सलमान अली हत्याकांड में सारंगपुर न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश एवं पीठासीन अधिकारी अतुल राज भलावी ने सोमवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 86/2025 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 61(2), 3(5) तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 एवं 27 के तहत अभियुक्त सरफराज, शाहनवाज एवं शफीक, निवासी सारंगपुर, को दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने तीनों दोषियों को धारा 103(1) बीएनएस के तहत आजीवन कारावास एवं 3-3 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 61(2) बीएनएस के तहत 5-5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1-1 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। वहीं मुख्य आरोपी सरफराज को आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क) के तहत 7 वर्ष तथा धारा 27 के तहत 5 वर्ष के कारावास के साथ क्रमशः 2 हजार एवं 1 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई। शासन की और से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिवप्रसाद शर्मा ने बताया कि 17 सितंबर 2024 की रात करीब 9 बजे पत्रकार सलमान अली अपने पुत्र के साथ नेहरू पार्क के सामने खड़े थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आए तीन युवकों ने सलमान अली के सिर में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मृतक के भाई अजीम द्वारा दिए जाने पर थाना सारंगपुर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

यह मामला पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा चिन्हित प्रकरणों की सूची में शामिल किया गया था। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 24 गवाह प्रस्तुत किए। न्यायालय ने घटना के प्रत्यक्षदर्शी मृतक के पुत्र सुफियान की गवाही, वैज्ञानिक परीक्षण रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए यह सिद्ध पाया कि सरफराज ने सह-अभियुक्त शफीक एवं शाहनवाज के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचकर देसी कट्टे से सलमान अली के सिर में गोली मारकर हत्या की थी। वहीं, साक्ष्यों के अभाव में न्यायालय ने सह-अभियुक्त सलामत एवं नासिर को दोषमुक्त कर दिया।

## 50 उज्ज्वला हितग्राहियों को एसडीएम का नोटिस, गैस कनेक्शन व 2.93 लाख की सब्सिडी राशि वसूली के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में अनियमितता पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, सारंगपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हितग्राहियों को कारण बताओ एवं वसूली संबंधी नोटिस जारी किए हैं। जांच में सामने आया कि संबंधित हितग्राहियों ने एक ही पहचान (आईडी) पर पहले से गैस कनेक्शन होने के बावजूद प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ प्राप्त कर लिया था।जांच के बाद एसडीएम कार्यालय ने सभी 50 हितग्राहियों को तीन दिवस के भीतर संबंधित गैस एजेंसी में योजना के तहत प्राप्त गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, चूल्हा एवं अन्य सामग्री जमा कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही योजना के अंतर्गत अलग अलग हितग्राहियों को दी गई कुल 2,93,668 की सब्सिडी राशि की वसूली के भी निर्देश जारी किए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि में सामग्री जमा नहीं कराने की स्थिति में संबंधित गैस कनेक्शन ब्लॉक कर दिया जाएगा तथा शासन के नियमानुसार सब्सिडी एवं अन्य देय राशि की वसूली की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित हितग्राहियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई भी की जा सकती है। एसडीएम कार्यालय ने संबंधित योगिता गैस एजेंसी, नगर पालिका, खाद्य विभाग एवं थाना प्रभारियों को भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक ही सीमित रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में पारदर्शिता बनाए रखने, अपात्र लाभार्थियों की पहचान करने तथा सरकारी राशि की वसूली सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**राजगढ़-ब्यावरा मार्ग पर हादसा**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर राजगढ़-ब्यावरा के मध्य अज्ञात वाहन की टक्कर में बाईक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद काफी समय तक शव मौके पर ही पड़ा रहा। बाद में सूचना पर घटनास्थल पहुंची एम्बुलेंस से शव को जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार मांगीलाल पिता रायसिंह तंवर निवासी ग्राम बांसखेड़ी सोमवार दोपहर अपनी मोटर साईकिल से ब्यावरा से अपने गांव आ रहा था। इस दौरान लक्ष्मणपुरा जोड़ पर पानी की टंकी के पास अज्ञात वाहन ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मांगीलाल की मौके पर मृत्यु हो गई। शव काफी क्षत-विक्षत स्थिति में था और आसपास से गुजर रहे अनेकों वाहन व लोग मौके पर ही एकत्रित हो गए। बाद में किसी ने यह सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। एम्बुलेंस से मांगीलाल के शव को अस्पताल लाया गया जहां उसके पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी थी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**निवानिया में महिला मंडल द्वारा करवाई जा रही भागवत कथा**

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते ही बरसा पानी, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



समीपस्थ ग्राम निवानिया में गुप्त नवरात्रि में महिला मंडल द्वारा करवाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

कथा पंडाल में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को बासुदेव टोपली में लेकर चले, वैसे ही देवराज इंद्र ने प्रसन्न होकर पानी बरसाना शुरू कर दिया। भागवत कथा में हजारों की संख्या में बैठे श्रद्धालुओं ने यह दृश्य देकर आनंद भर गए। पूरा पंडाल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के दौरान हाथ घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की के जयकारों से गुंज उठा। इस दौरान कथा वाचक पं. निर्मल महाराज ब्यावरा वाले ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि निवानिया के माता-बहनो धन्य हो आपके द्वारा किए गए अच्छे कार्य का फल परमात्मा ने तुरंत अपने जन्म होते से ही दे दिया है। जिससे गांव में बोवनी करने के बाद से करीब 15 दिन से बारिश नहीं हो रही थी, सोयाबीन फसल पानी के लिए तरस रही थी, हर किसान फसल को लेकर चिंता में था, भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव आया, तो वह अपने साथ गांव की भलाई के लिए पानी लेकर आया और परमात्मा को कहा देखना चाहते हो।

### किसानों के चेहरे खिले

लंबे समय से क्षेत्र में बारिश नहीं होने के चलते गांव की महिलाओं ने आपसी सहयोग से समिति बनाकर श्रीमद् भागवत कथा करवाने का निर्णय लिया और कहा कि भागवत करवाएंगे तो पानी निश्चित आएगा और उनकी पुकार परमात्मा ने सुन ली और पानी बरस गया। जिससे चिंता में दिख रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। महिला मंडल द्वारा आयोजित इस आयोजन में रात्रि में भगवान देवनारायण की कथा का भी आयोजन किया जा रहा। कथा वाचक हरिओम खींची के मुखारबिंद से भगवान देवनारायण की लीलाओं को वर्णन कर गांव को रात-दिन भक्ति में डूबा दिया है। देवनारायण कथा रात्रि 8 से 12 बजे तक चलती है।

### कलेक्टर गर्ग ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अदिती गर्ग ने नवीन कलेक्टर भवन के सामने स्थित वेयर हाउस का निर्धारित मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर गर्ग ने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था, सीलिंग, लॉगबुक एवं प्रवेश रिकॉर्ड का सत्यापन किया। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपायों एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन शाखा के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अधिवेशन में कार्यकर्ता होंगे शामिल

**मंदसौर।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल का राष्ट्रीय अधिवेशन 23 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय अधिवेशन अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी. वी. श्रीनिवास के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति रहेगी। राकेश सेन सम्राट ने बताया कि मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर संगठन की एकजुटता, सेवा, समर्पण एवं अनुशासन का परिचय देंगे।